# शहरों में सुविधाएं बढ़ाने को 3419 प्रोजेक्ट शुरू

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहरी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ की 3419 परियोजनाओं की सौगात दी है। इससे जहां पानी की सुविधा के साथ ही शहरों को साफ रखने और स्मार्ट बनाने का काम होगा।

अमृत 2.0 के तहत 4042 करोड़ रुपये की लागत से 98 परियोजनाओं का शिलन्यास हुआ। इसके अलावा 369 करोड़ रुपये की लागत से 14 परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ। अमृत सरोवर योजना में 160 करोड़ रुपये की 89 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ। स्वच्छ भारत मिशन में देश और राज्य के सबसे बड़े मिशन, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 187 करोड़ रुपये की लागत से 303 परियोजनाओं का शिलन्यास हुआ। इसके साथ 357 करोड़ रुपये की लागत से 107 परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ। केंद्रीय योजना में 24 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं का शिलन्यास किया गया। इसके साथ 714 करोड़ की लगत से 60 परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ। राज्य स्मार्ट सिटी योजना में 168 करोड़ रुपये से 21 परियोजनाओं का शिलन्यास और 50 करोड़ की छह परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना में 64 करोड़ से 21 परियोजनाओं का शिलान्यास और पांच करोड़ से दो परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ। इस योजना में पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत 1433 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसके लिए 996 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

आकांक्षी नगर योजना में 150 करोड़ रुपये से 100 आकांक्षी निकायों में स्मार्ट क्लास रूम, कम्पोजिट स्कूल और आंगनबाड़ियों में सुविधाएं दी जाएंगी। राज्य पेयजल योजना में 249 करोड़ रुपये से 126 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ और 126 करोड़ से सात परियोजनाओं का लोकापर्ण हुआ। राज्य सीवरेज एवं जल निकासी योजना में 498 करोड़ रुपये से 232 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ।

## मुख्यमंत्री ने शक्ति रसोई का किया शुभारंभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूडा द्वारा दीन दयाल राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत संचालित होने वाली शक्ति रसोई योजना का शुभारंभ किया। महिला सशक्तिकरण व आर्थिक सुधार के लिए डे-एनयूएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को संगठित कर महिलाओं के रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री कल से कई जिलों का करेंगे दौरा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार से ताबड़तोड़ रैलियां करेंगे। इस दौरान वह तमाम योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री उन्नाव, फर्रुखाबाद और बरेली, गुरुवार को अंबेडकरनगर, अयोध्या और गोंडा और शुक्रवार को बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर में कार्यक्रम व जनसभाओं में रहेंगे।